राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

दिनांक : 10 · 2 · 2022

–:: प्रेस–नोट ::–

मोटर वाहन निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा – 2021 के निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने बाबत् बोर्ड ने किये व्यापक इंतजाम।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर मोटर वाहन निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा – 2021 का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 फरवरी 2022 को जयपुर में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करवा रहा है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उक्त परीक्षा को संपन्न कराने के दृष्टिगत फर्जी परीक्षार्थीयों को परीक्षा देने से रोकने एवं नकल पर नकेल कसने के लिए परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश से पूर्व व्यापक तलाशी के पश्चात् अनुमत दस्तावेजों के आधार पर पहचान सुनिश्चित होने एवं फ्रेस्किंग प्रक्रिया से गुजरने के पश्चात् ही प्रवेश दिया जायेगा।

प्रश्न पत्र के पैकेट खोले जाने के संबंध में भी केन्द्राधीक्षक को भी स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि प्रश्न पत्र के शील्ड पैकेट निर्धारित समय एवं अनुमत अधिकारियों की उपस्थिति तथा निर्धारित प्रक्रिया की पालना अक्षरशः एवं कठोरता से की जावे। सर्तकता दल, आंतरिक सर्तकता दल, सहायक केन्द्राधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों को भी स्पष्ट हिदायत दी गई है कि प्रश्न पत्र के पैकेट खोलने संबंधी निर्धारित प्रक्रिया की अक्षरशः एवं कठोरता से पालना करवाना जाना सुनिश्चित करें।

बोर्ड निष्पक्ष, पारदर्शी एवं परीक्षा आयोजन में गोपनीयता बनाये रखते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने बाबत् कटिबद्ध है। इसलिए सभी अभ्यर्थियों एवं परीक्षा आयोजन में नियोजित सभी फ्लाइंग स्क्वैड, उपसमन्वयक, केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, अभिजागर एवं अन्य सभी से आग्रह है कि परीक्षा आयोजन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में बोर्ड का अपेक्षित सहयोग करें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव,